सावन में पूर्ण सात्विक रहे महाकाल की नगरी

कावड़ मार्गों पर मांस-अंडे की बिक्री पर लगे प्रतिबंध

उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की पावन नगरी उज्जैन में सावन माह के दौरान शिवभक्तों और कावड़ यात्रियों की आस्था को देखते हुए मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास ने शहर, महाकाल क्षेत्र और सभी प्रमुख कावड़ यात्रा मार्गों पर मांस, चिकन, मछली और अंडे की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस संबंध में संगठन ने मुख्यमंत्री, संभाग आयुक्त, जिला कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त और महापौर को ज्ञापन भेजा है।

संगठन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजकुमार झंझोट ने बताया कि सावन माह में देशभर से लाखों श्रद्धालु पैदल यात्रा कर पवित्र नदियों का जल लेकर भगवान महाकाल का अभिषेक करने आते हैं। व्रत और उपवास के इस

समय में यात्रा मार्गों और मंदिरों के आसपास खुलेआम मांसाहारी खाद्य पदार्थों की बिक्री श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करती है।

संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि महाकाल मंदिर, महाकाल लोक, हरसिद्धि मंदिर, रामघाट, मंगलनाथ, कालभैरव, चिंतामण गणेश और गढ़कालिका सहित प्रमुख धार्मिक क्षेत्रों के साथ-साथ सभी कावड़ मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाए। सावन माह में धार्मिक नगरी की गरिमा के अनुरूप सात्विक वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

ज्ञापन में नगर निगम द्वारा हाल ही में शहर से मांस की दुकानों को हटाने संबंधी पारित प्रस्ताव का भी हवाला देते हुए उसे शीघ्र लागू करने की मांग की गई है। मनीष सिंह चौहान और राजकुमार झंझोट ने चेतावनी दी है कि यदि शासन और प्रशासन द्वारा इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास शांतिपूर्ण तरीके से व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगा।

सांदीपनी विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा में कैरियर मार्गदर्शन पर नाटक प्रस्तुत

घट्टिया। सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के आठवें दिवस गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्राचार्य सुनील नामदेव, उपप्राचार्य रानू परमार, प्राध्यापक महेश मकवाना ने किया। श्लोक पाठ जितेंद्र गौतम ने किया। विद्यार्थियों को भविष्य में सही व उपयोगी करियर ऑप्शन चुनने हेतु करियर मार्गदर्शन शिक्षक सुनील कुमावत ने दिया। इसी के साथ कक्षा 11वी के विद्यार्थी अनामिका, युवराज, अभिषेक, शिवराज तथा महिमा ने करियर मार्गदर्शन पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यार्थियों को सीवी बनाने के प्रशिक्षण के साथ रिपोर्ट प्लेटफार्म की जानकारी देते हुए पोर्टल पर करियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तिव विकास से संबंधित टास्क पूरे करने की जानकारी दी।

एक नजर में

नपा ने किया वार्ड 2 यशवंत मार्ग में पौधारोपण

महिदपुर। नगर पालिका परिषद महिदपुर द्वारा शहर में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। अब तक करीब 1000 से ज्यादा पौधे शहर के विभिन्न जगह पर लगाए गए हैं। ऐसे में गुरुवार को वार्ड क्रमांक 2 यशवंत मार्ग पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका द्वारा लोगों के घरों के सामने पौधे लगाकर उन्हें गोद देने का कार्य किया। जिन लोगों के घरों के सामने पौधे लगाए हैं वह स्वयं पौधों की सुरक्षा करेंगे। साथ ही उन्हें संरक्षित करने में मदद भी करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नानीबाई ओमप्रकाश माली, पार्षद नेहा पीयूष सकलेचा, भाजपा नगर मंडल महामंत्री दिनेश गोवर, निलेश सोलंकी, उपाध्यक्ष निर्भय सिंह भाटी, समाजसेवी रमेश मूणत, अशोक चौरसिया, आशीष सकलेचा, सहित नगर पालिका से नवीन मिश्रा, यशवंत खर्या आदि मौजूद रहे।

पौधारोपण कार्यक्रम 25 जुलाई को आयोजित किया जाएगा

उज्जैन। टेंट हाउस एसोसिएशन के प्रवक्ता कमल लालावत और सह प्रवक्ता दीपेश गोमे ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ऑल इंडिया टेंट वेलफेयर एसोसिएशन दिल्ली और फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन भोपाल के आव्हान पर उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम 25 जुलाई शनिवार शाम 5 बजे इंदौर रोड स्थित समीर गार्डन पर आयोजित होगा। एसोसिएशन अध्यक्ष योगेश गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव राजेश हार्डिया और वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रशेखर निगम होंगे। परामर्शदाता रईस मंसूरी और विनोद जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम में एसोसिएशन के परामर्शदाता प्रभा शंकर, संगठन सचिव जुलफैज जाफरी और सदस्य फरहान खान संयोजक रहेंगे। संरक्षक कप्तान बोबल और कोषाध्यक्ष फिरोज मंसूरी ने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। उज्जैन संभाग अध्यक्ष समीर उल्हक ने सभी टेंट व्यापारी बंधुओं से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

नपा कर्मचारियों के खाते में 1 करोड़ 35 लाख रुपये ईपीएस एवं एनपीएस के जमा

खाचरौद। नगरपालिका से प्राप्त जानकारी अनुसार कर्मचारियों के ईपीएफ एवं एनपीएस के पैसे कर्मचारियों के खाते में जमा होने के संबंध में कर्मचारी संघ अध्यक्ष शिवसिंह रघुवंशी द्वारा उक्त मामला नगर पालिका परिषद के संज्ञान में लाया था। कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने तत्काल कार्यवाही कर समस्त पैसा 1 करोड़ 35 लाख रुपये कर्मचारियों के खाते में जमा करने की कार्यवाही कर दी है। जिस पर कर्मचारी संघ द्वारा नगर पालिका परिषद का आभार माना। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, मुख्य नपा अधिकारी रवि गुप्ता, पार्षद दशरथ वाकतारिया, राकेश राठौर, जय जायसवाल, सूर्यप्रकाश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, राहुल मेहता, राधेश्याम बम्बोरिया, संजय नंदेड़ा, बाबू नगर, राजेन्द्र बबलू पण्ड्या सहित बड़ी संख्या में नपा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। अंत में आभार कर्मचारी संघ अध्यक्ष शिवसिंह रघुवंशी ने माना।

सामाजिक समरसता की प्रतीक दिंडी यात्रा 25 को, टावर से गजानन महाराज मंदिर तक निकलेगी

उज्जैन। समग्र हिंदू समाज के तत्वावधान में शहर में सामाजिक समरसता की प्रतीक दिंडी यात्रा 25 जुलाई को निकाली जाएगी। यह यात्रा शाम 4.30 बजे टावर चौक से प्रारंभ होकर सेठी नगर स्थित श्री गजानन महाराज मंदिर पहुंचेगी। देवशयनी एकादशी अर्थात आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर निकलने वाली इस यात्रा में महाराष्ट्र की तर्ज पर लगभग 800 वर्षों की संत परंपरा का निर्वहन किया जाता है। धार्मिक नगरी उज्जैन में पिछले दो वर्षों से पंढरपुर यात्रा की तर्ज पर इसे प्रतीकात्मक रूप से शुरू किया गया था, जो अब एक परंपरा का रूप ले चुकी है। इस वर्ष आयोजन का यह तीसरा साल है। इस उत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें जाति, पंथ, धर्म, ऊंच-नीच, वृद्ध-युवा और महिला-पुरुष का कोई भेद नहीं होता। यात्रा में बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग, समाज प्रमुख, सामाजिक संगठन और संतजन शामिल होंगे। आयोजकों ने जय जय रामकृष्ण हरी के जयघोष के साथ निकलने वाली इस दिंडी यात्रा में अधिक से अधिक भक्तों से शामिल होने का आव्हान किया है।

गोल्डन गर्ल सपना शर्मा बनीं पेरा पिक्लबॉल संगठन की प्रदेश अध्यक्ष

इंदौर. मध्य प्रदेश के लिए गर्व का विषय है कि अंतरराष्ट्रीय पैरा ताइक्कांडो खिलाड़ी एवं गोल्डन गर्ल सपना शर्मा को पेरा पिक्लबॉल संगठन का मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. यह घोषणा 19 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित संगठन की प्रथम राष्ट्रीय बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नरेश सचदेवा द्वारा की गई. बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने पेरा पिक्लबॉल के विकास, संगठन के विस्तार तथा दिव्यांग खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर उपलब्ध कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए. प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर गोल्डन गर्ल सपना शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य मध्य प्रदेश के अधिक से अधिक दिव्यांग खिलाड़ियों को पेरा पिक्लबॉल से जोड़ना, उन्हें प्रशिक्षण उपलब्ध कराना तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना है. उन्होंने कहा कि वे पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ प्रदेश में इस खेल के विकास के लिए कार्य करेंगी. उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश सचदेवा, संस्थापक एवं सीईओ प्रवीण सिंह सेंगर तथा संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया.

गुरु पूर्णिमा पर सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे नवनिर्मित श्री गीता भवन का लोकार्पण

उज्जैन। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को नवनिर्मित %श्री गीता भवन% का भव्य लोकार्पण होगा। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित इस अत्याधुनिक भवन को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आमजन और भावी पीढ़ियों को समर्पित करेंगे। समारोह के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 50 से अधिक वरिष्ठ शिक्षकों और उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले सैकड़ों प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा।

आयोजन के लिए समितियां गठित, सुरक्षा व यातायात पर मंथन: इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की तैयारियों को लेकर 23 जुलाई को विश्वविद्यालय के कार्य परिषद कक्ष में कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें आयोजन की रूपरेखा तय कर विभिन्न समितियों का गठन किया गया। विद्यार्थी कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्षों, निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है। वहीं, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था, सुगम यातायात और अतिथि प्रबंधन से जुड़ी जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी। कुलगुरु प्रो. भारद्वाज ने बताया कि मुख्य समारोह गीता भवन में होगा, जिसमें प्रदेश भर के शिक्षाविद, शोधार्थी और नागरिक शामिल होंगे।

बैठक में ये रहे उपस्थित: समीक्षा बैठक में कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, प्रो. डी.डी. बेदिया, प्रो. बी.के. आंजना, प्रो. अनिल कुमार जैन, प्रो. ज्योति उपाध्याय, प्रो. अंजना पाण्डेय, डॉ. एम.के. द्विवेदी, डॉ. सुशील कुमार शर्मा, डॉ. राज बोरिया, डॉ. सलिल सिंह, वित्त नियंत्रक जे.एस. तोमर और डॉ. वंदना गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व प्राध्यापक उपस्थित थे।

वैदिक ज्ञान और शोध का प्रमुख केंद्र बनेगा गीता भवन

माधव विज्ञान महाविद्यालय के निकट निर्मित श्री गीता भवन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को श्रीमद्भगवद्गीता के दर्शन, जीवन-प्रबंधन और नैतिक मूल्यों से जोड़ना है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप यह केंद्र युवाओं को सही जीवन-दृष्टि प्रदान करने का माध्यम बनेगा। यहां भारतीय संस्कृति, संस्कृत साहित्य और वैदिक ज्ञान पर उच्च स्तरीय शोध कार्य भी संचालित किए जाएंगे। यह भवन प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा प्रणाली के समन्वय का प्रतीक होगा।

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

महिदपुर। मप्र शासन की मंशानुसार दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान-3 के तहत पशुपालकों के दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए विकास खंड महिदपुर में13 जुलाई से संपादित हो रही है। जिसके तत्वावधान में विकासखंड नोडल अधिकारी डॉ. अरविन्द मथानिया द्वारा अरनिया नजिक, देवली, पेटलावद, झूटावद ग्रामों का भ्रमण कर अभियान में कृषकों से चर्चा की गई। इस मौके पर गौसेवक चंद्रपाल राणावत, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भरत शर्मा, शैलेंद्रसिंह, ओम शर्मा, अम्बाराम, उमरावसिंह, विनोद गुर्जर, ईश्वरलाल, राधेश्याम व रणछोड़ दास आदि उपस्थित थे।

श्री वल्लभ वैष्णव मंडल ने 110 विद्यार्थियों को बांटी नि :शुल्क कॉपियां और स्टेशनरी

1000 कॉपियां बांटने का लक्ष्य, जरूरत पड़ने पर आगे भी दी जाएगी मदद

उज्जैन। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, महिला मंडल और युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय हाई स्कूल दौलतगंज क्रमांक 1 में 110 विद्यार्थियों को निशुल्क कॉपियां, पेंसिल, रबर और लीड का वितरण किया गया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मंडल का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में 1000 कॉपियों का निशुल्क वितरण करना है, ताकि मध्यम वर्ग के बच्चे स्टेशनरी सामग्री से वंचित न रहें। बच्चों को भविष्य में जरूरत पड़ने पर और भी कॉपियां व स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। यह आयोजन विद्यालय की प्राचार्य सुनीता मिश्रा के निर्देशन और श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में

हुआ। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ संरक्षक श्याम माहेश्वरी, अध्यक्ष जयेश श्रॉफ, अमित नागर, विशाल नीमा, रवींद्र मूले, युवा मंच सत्संग समिति के संस्थापक अध्यक्ष गोपाल बांगरवाल, अध्यक्ष मनोहर परमार और जैन साहब की उपस्थिति में बच्चों को पठन-पाठन सामग्री प्रदान की गई।

कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों का सम्मान

देशभक्ति गीतों से गूंजा कालिदास नाट्यगृह

उज्जैन। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कोठी पैलेस स्थित कालिदास नाट्यगृह में लायंस क्लब उज्जैन सुर मंदिर एवं अशोक द्वारा सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों और सैन्य अधिकारियों के शौर्य को नमन करना तथा युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना को जागृत करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल आर.के. सिंह रहे एवं विशिष्ट अतिथियों में कमल सोनी, रीजन चेयरपर्सन संजीव गडकरी, भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संरक्षक संजय अग्रवाल, जॉन चेयरपर्सन दीपक शाह, अध्यक्ष दिग्विजय सिंह एवं अनिल त्रिवेदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सैन्य अधिकारियों एवं पूर्व सैनिकों में श्रीकांत वैशम्पायन, मुकेश सोनी, अनिल तोमर, मुकेश मोयल, प्रशांत गोडबोले, प्रशांत निगम, सवाई सिंह और डोडिया सहित अन्य का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

संगीत के क्षेत्र में नए कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए हेमा गडकरी, शैलेंद्र दीयोधर एवं विनोद कलंबकर को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह के बाद देशभक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति हुई। सुभाष चंद्र दुबे, रवि चौबे, धनंजय शीतूतु, पूनम शर्मा, कीर्ति जायसवाल, संजय सुगंधी, मुकेश परमार, महेंद्र लोहान, हिमांगी गडकरी एवं तरुण सिंह सहित अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। कलाकारों की प्रस्तुतियों से पूरा सभागार देशभक्ति के रंग में रंग गया और उपस्थित श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त सीएसपी सुभाष चंद्र दुबे ने किया, जबकि अंत में आयोजन की संयोजक लायन सुरेखा दुबे ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। आयोजन के माध्यम से कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रभक्ति और सैनिकों के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया।

नपा सीमा क्षेत्र में नागरिकों के स्वस्थ जीवन के लिए शासन व परिषद उद्यान लगाए

महिदपुर। नगरपालिका सीमा क्षेत्र के अंतर्गत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले महिलाएं, पुरुष व बच्चों के स्वस्थ जीवन व आमोद प्रमोद व टहलने हेतु तथा पर्यावरण हेतु शासन व नगरपालिका को आम नागरिकों को राहत व सुख सुविधा देने हेतु नगर की सीमाओं के अंतर्गत विभिन्न वार्डो में उद्यान व बच्चों के लिये विभिन्न मनोरंजन व खेलकूद के सामान लगाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति से कार्य कर आम जनता की भावना को समझना नितांत जरुरी है। उक्त मांग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता व नपा के पूर्व उपाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता अशोक नवलखा ने मप्र के मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, कलेक्टर उज्जैन से आम जनता के स्वास्थ्य व जनहित में कारगर कदम उठाने की अपील कर मांग की है। नवलखा ने बताया कि जनता के बेहतर स्वास्थ्य के लिये उद्यानों की निरंतर आवश्यकता है। शासन से अपेक्षा है कि पूर्णतः पारदर्शिता के साथ नपा के निरंतर बजटों में विभिन्न उद्यानों में कुल कितने कर्मचारियों की पदस्थी है व उनके कार्यस्थल व उद्यानों की स्थिति व लाखों रुपये का भुगतान से स्पष्ट हो जाएगा कि उद्यान है ही नहीं तो वेतन किस बात का हो रहा है व अधिकारी क्या देख रहे हैं। जिम्मेदारों पर जवाबदारी का भार सौंपकर आम जनता की गाढ़ी कमाई के लिये कौन दोषी है।

माधव विज्ञान महाविद्यालय में नशामुक्ति अभियान संपन्न

डीएसपी ने कहा नकारात्मक नशे को कहें नो एंट्री, विद्यार्थियों और स्टाफ ने ली शपथ

उज्जैन। शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित जागरूकता अभियान %नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0% के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी शैलजा भदौरिया और उनकी टीम के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने नशामुक्ति की शपथ ली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसपी शैलजा भदौरिया ने कहा कि युवा देश की शक्ति हैं। उन्होंने छात्रों से नकारात्मक नशे को नो एंट्री कहने और सकारात्मक नशे को अपनाने की बात कही, ताकि वे व्यक्तिगत उन्नति के साथ राष्ट्र को भी विकसित कर सकें। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने नशे की चुनौती का सामना करने से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका डीएसपी ने समाधान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने कहा कि युवाओं में बहुत संभावनाएं हैं, लेकिन मार्ग के भटकाव एवं नशे से कई युवा जीवन का अंत कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को छात्र राज भोगे ने भी संबोधित किया। पुलिस प्रशिक्षण शाला उज्जैन द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश को नशा-मुक्त बनाना है। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. दीपक लाखरे ने आभार व्यक्त किया। आयोजन के दौरान पुलिस अधिकारियों और छात्रों ने जागरूकता संदेश वाले कटआउट फ्रेम के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।

एक नजर आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में असाध्य रोगों का हो रहा नि :शुल्क उपचार

दो साल से शरीर में खुजली से परेशान, वैद्य जी की दवा से मिला आराम

उज्जैन। शहर के क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में 20 से 24 जुलाई तक पांच दिवसीय नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जबलपुर के आयुर्वेद विशेषज्ञ और मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर संतोष आनंद जायसवाल मरीजों की जांच कर आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार कर रहे हैं।

पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे संतोष आनंद जायसवाल मुख्य रूप से उन मरीजों का इलाज कर रहे हैं जो पुराने और असाध्य रोगों से लंबे समय से परेशान हैं। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता बिना किसी सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालने की सुविधा है। इसके साथ ही लीवर, किडनी, पथरी, बवासीर, भगंदर, दमा, थायराइड, मिर्गी, माइग्रेन, साइटिका, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया वात, कैंसर, चर्म रोग और नि:संतानता जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज भी किया जा रहा है। महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं व बच्चों की स्मरण शक्ति और आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए विशेष दवाएं भी दी जा रही हैं।

शिविर में इलाज कराने वाले कई पुराने मरीजों को तेजी से स्वास्थ्य लाभ मिला है। बड़नगर निवासी रमेश चंद्र ने बताया कि वे दो साल से शरीर में खुजली से परेशान थे, लेकिन पिछले महीने वैद्य जी की दवा लेने के बाद उन्हें पूर्ण संतुष्टि मिली है। ढाबा रोड स्थित मुंशी नगर निवासी प्रेम कुमार हाड़ा अपनी बेटी चांदनी का इलाज कराने शिविर में पहुंचे, जो थायराइड, पेट दर्द और ग्रेड 1 और 2 फैटी लीवर से पीड़ित है। वैद्य जी ने 23 जुलाई 2026 को उसे दवा की एक खुराक देकर एक दिन में दर्द से राहत मिलने का दावा किया है। वहीं, उज्जैन से करीब 8-10 किलोमीटर दूर सुरजनवासा गांव के रहने वाले हरिनारायण 12-13 साल से अस्थमा से पीड़ित हैं और रोजाना इनहेलर लेते हैं। उनके जीजा ओमप्रकाश उन्हें लेकर शिविर में आए, जहां वैद्य जी ने 20 दिन में उनका इनहेलर छूटने का आश्वासन दिया है।

आयोजकों के अनुसार यह शिविर उज्जैन में हर महीने की 20 से 24 तारीख तक नियमित रूप से लगाया जाता है। मरीज अपनी जांच और परामर्श के लिए सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक शिविर स्थल पर पहुंच सकते हैं। दूर-दराज के मरीजों के लिए पार्सल द्वारा दवा मंगाने की विशेष सुविधा भी उपलब्ध है। आयोजकों ने महाकाल की नगरी में आने वाले सभी दर्शनार्थियों और श्रद्धालुओं से भी इस चिकित्सा शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। अधिक जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिए हेल्पलाइन नंबर 9755703571, 9422869113 और 9300644113 पर संपर्क किया जा सकता है।

देवड़ा का बोहरा समाज ने किया सम्मान

उज्जैन। नगर निगम के नवनियुक्त एल्डरमैन अशोक देवड़ा का बोहरा समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। यह सम्मान समारोह नई सड़क स्थित बोहरा समाज के सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता मुस्तफा ए पीठावाला के निवास पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जीवन तिवारी गुरु महाराज, युवा नेता राहुल बैस सहित सामाजिक कार्यकर्ता शब्बीर अतरवाला, अली हैदर मेवावाला, जुल्फिकार मलोलावाला, शब्बीर सकरूवाला, अब्बास कपड़ावाला, हुसैन अतरवाला, हसन अली कपड़ावाला, हातिम पीठावाला और हुसैन कपड़ावाला आदि उपस्थित थे।